67 छात्रों को प्रदान की गई उपाधि, के.के. मोदी विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

शिक्षा समाज को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यम है: राज्यपाल डेका

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि शिक्षा समाज को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में, केवल डिग्री ही सफलता को परिभाषित नहीं करती है। राज्यपाल ने कहा कि स्नातक के रूप में, आप एक ऐसी दुनिया में कदम रख रहे हैं जो गतिशील और चुनौतियों से भरी है। इस नए युग को सफलतापूर्वक नेविगेट करने के लिए, आपको लगातार अपने आप को अपस्किल और रीस्किल करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार ने कौशल भारत, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) जैसी पहलों के माध्यम से कौशल विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे युवा उद्योग के लिए तैयार हों और आर्थिक विकास को गति देने में सक्षम हों। राज्यपाल रमेन डेका आज होटल रोमन पार्क में आयोजित के.के. मोदी विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रथम दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में 67 छात्रों को बी-टेक, बीबीए और बीसीए में डिग्री प्रदान की गई। राज्यपाल रमेन डेका ने दीक्षांत समारोह और डिग्री मिलने पर छात्रों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आपकी यात्रा में आज एक ऐसा दिन है जो आपकी वर्षों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और ज्ञान की अथक खोज को दर्शाता है। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारत उद्यमशीलता क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। हमारे देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम फल-फूल रहा है और छत्तीसगढ़ नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया पहल, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा योजना उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और वित्तीय सहायता और अनुकूल कारोबारी माहौल के साथ युवाओं का समर्थन करने में सहायक रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि हाल ही में राष्ट्र ने मुद्रा ऋण योजना के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। इसके माध्यम से छोटे पैमाने के उद्यमियों को 32 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है, जिसमें से 68 प्रतिशत महिला उद्यमी थीं। उन्होंने डिग्री प्राप्त युवाओं से आग्रह किया कि वे केवल नौकरी की तलाश न करे।

तकनीकी ज्ञान के साथ स्नातक होना महत्वपूर्ण

राज्यपाल डेका ने कहा कि हम विकसित भारत 2047 के विजन की ओर आगे बढ़ रहे हैं, आप में से प्रत्येक को भारत को वैश्विक नेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। एक विकसित भारत की नींव उसके शिक्षित युवाओं के हाथों में है, जिन्हें नवाचार, प्रौद्योगिकी, सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ स्नातक होना महत्वपूर्ण है, लेकिन उद्योग में जो चीज आपको अलग बनाएगी, वह है प्रभावी ढंग से संवाद करने, आलोचनात्मक रूप से सोचने और विविध टीमों के साथ सहयोग करने की आपकी क्षमता। आधुनिक कॉर्पोरेट दुनिया को ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता है जो आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास के साथ विचारों को व्यक्त कर सकें। सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समस्या-समाधान क्षमता और नेतृत्व गुण आपकी सफलता में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

वल्लभ नगर महिला केंद्र मजदूर दिवस पर वितरित करेगा मट्ठा

बैठक में हुए रोचक गेम्स, कांचन पुसदकर ने मारी बाजी

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

महाराष्ट्र मंडल की वल्लभ नगर महिला केंद्र की मासिक बैठक संत ज्ञानेश्वर विद्यालय प्रांगण में हुई। बैठक में एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस और महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में मट्ठा वितरण करने पर चर्चा की गई। इसके साथ प्रत्येक माह केंद्र के सदस्यों का जन्मदिन मनाने और मंडल के सदस्यता अभियान को और गति देने पर भी चर्चा हुई। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर एक मई को वल्लभ नगर केंद्र की ओर से प्रति वर्ष करीब तीन हजार लोगों को मट्ठा वितरित किया जाता है। इस वर्ष भी मानवसेवा के लिए मट्ठा वितरण की परंपरा को जारी रखा जाएगा और हजारों लोगों को मई माह की भीषण गर्मी में ठंडा मट्ठा वितरित किया जाएगा। विशाखा ने बताया कि वल्लभनगर केंद्र अपने क्षेत्र के हर एक मराठी भाषी परिवार के 18 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों को महाराष्ट्र मंडल का आजीवन सभासद बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

न्यूज ब्रीफ

सेवा पखवाड़ा के तहत महावीर गौशाला में सफाई और चारा वितरण

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ₹सेवा पखवाड़ा₹ अभियान के अंतर्गत जवाहर नगर मंडल की महिला मोर्चा ने मौदहापारा स्थित महावीर गौशाला में सफाई कार्य और गौमाताओं के लिए चारा वितरण किया।सुबह 9 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की सदस्यों ने मंदिर परिसर की सफाई की और गौमाताओं को गुड़, चना, खीरा और हरा चारा वितरित किया। मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल ने जानकारी दी कि यह सेवा पखवाड़ा अभियान पार्टी के 46वें स्थापना दिवस (6 अप्रैल) के उपलक्ष्य में शुरू किया गया है, जो अगले 15 दिनों तक विभिन्न सेवा कार्यों के रूप में जारी रहेगा।उन्होंने बताया कि इस अवधि में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सफाई अभियान, स्वास्थ्य शिविर, जरूरतमंदों को स्टेशनरी और मट्ठा वितरण जैसे जनहित कार्यों में भाग लेंगे।कार्यक्रम में पूर्व पार्षद भारती बागल, सेवा पखवाड़ा सह-संयोजक विजय गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष वेणुका शुक्ला, संगीता जैन और प्रणीत जैन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े हनुमान मंदिर में मनेगा जन्मोत्सव, 12 बजे होगी महाआरती

रायपुर। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म संकट मोचन मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी,संरक्षक कमलेश तिवारी,उपाध्यक्ष किशोर नायक व सुब्रत घोष ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कल 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मउत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी जिसमें प्रातः भगवान का अभिषेक व श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी तत्पश्चात 1 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रायपुर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित मंडल आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, नगर निगम के एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष, पार्षद व व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। राठी ने बताया कि कार्यक्रम में 8 से 10 हजार हनुमान भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है जिसमें रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री भी हनुमान जी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करेंगे। श्री राठी ने बताया कि मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा के साथ लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी एवं आरती के पश्चात जयपुर से आई टीम के द्वारा भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी की जाएगी।

सदानी दरबार रोड पर छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन किया

रायपुर। बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड के लोगो ने अपनी मूल बहुत समस्याओं सही अपनी कई मांगों को लेकर बोरिया कला गेट सदानी दरबार रोड पर छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन किया कालोनी के दोनों आने जाने वाले मार्ग को भी बंद किया हाउसिंग बोर्ड की समस्याओं को लेकर मंत्रालय हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर ,कलेक्टर सहित सभी जगह जा चुके हैं

महादेवा तालाब की मानव श्रृंखला बनाकर श्रमदान से सफाई कर महापौर मीनल ने दिया स्वच्छ सरोवर का सन्देश

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 68 के क्षेत्र के तहत महादेवा तालाब चंगोराभाठा में मानव श्रृंखला बनाकर सफाई श्रमदान कर राजधानी शहर रायपुर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 68 पार्षद दुर्गा यादराम साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लाखेनगर मण्डल अध्यक्ष सचिन सिंघल, नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सन्दीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू सहित वार्ड निवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आम जनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों, नगर निगम जोन 5 अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग कमर्चारियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर महादेवा तालाब चंगोराभाठा की मानव श्रृंखला बनाकर सफाई श्रमदान करते हुए सफाई कचरा उठाकर समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करते हुए स्वच्छ सरोवर का सुन्दर सकारात्मक सन्देश जन - जन को दिया.

खनिज संपदा को जनकल्याण का माध्यम बनाएंगे: बृजमोहन अग्रवाल

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

छत्तीसगढ़ को खनिज संपदा के रूप में जो अद्वितीय प्राकृतिक वरदान मिला है, उसे जनकल्याण और प्रदेश के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों की महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की। बैठक में कोयला और खनिज क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों ने नवाचार, तकनीकी उन्नयन और सतत विकास के जरिए इस क्षेत्र को सशक्त और समृद्ध बनाने को लेकर अपने विचार साझा किए। चर्चा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को खनिज आधारित उद्योगों का केंद्र बनाना और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करना था। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश की आर्थिक मजबूती और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस क्षेत्र को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए इसके विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक के उपरांत सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ भोज में शिरकत की, जहां उन्होंने क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की।

हेडगेवार जयंती पर भारतीय सिन्धु सभा ने मनाया सिन्धी भाषा दिवस

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

भारतीय सिन्धु सभा छत्तीसगढ़ का सिन्धी भाषा दिवस एवं डॉ हेडगेवार जयन्ती पर सिंधू पैलेस शंकर नगर रायपुर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे व्याख्यान के मुख्य वक्ता नागपुर से पधारे डॉ. विनोद आसूदानी रहे। नेत्रहीन (सूरदास) आसूदानी ने अपने ओजस्वी उदबोधन से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होने श्रद्धेय डॉ. हेडगेवार द्वारा संस्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परिकल्पना का सम्पूर्ण सार स्वरूप प्रस्तुत किया।

कायक्रम के मुख्य अतिथि उदयलाल शादानी थे। मुख्य वक्ता डॉ. विनोद आसुदानी नागपुर, साईं मुरलीधर उदासी थे अध्यक्षता लधाराम नैनवानी ने की। विशेष अतिथि के रूप में रामू रोहरा महापौर धमतरी, सीए चेतन तारवानी, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जेठानी, नेहा अश्पलिया, नवनिर्वाचित पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, पार्षद एवं अध्यक्ष सचिन मेघानी छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, बीएसएस संरक्षक अशोक नैनवानी, मुरली केवलानी, अशोक माखीजा, प्रहलाद शादीजा, राजकुमार बजाज, राजेश वासवानी, राजेश पोपटानी, राजेश गुरनानी, प्रताप पोपटानी, टीकम नागवानी आदि उपस्थित थे। मंच संचालन बीएसएस प्रदेश महासचिव मुरलीधर शादीजा ने किया और आभार टीकम नागवानी ने किया।

सांसद अग्रवाल और महापौर मीनल चौबे ने किया जोन 5 के वार्ड 67 और 68 में शिविरों का निरीक्षण

सभी जनशिकायतों और मांगों का समाधान करने दिए निर्देश

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 के तहत आज तीसरे दिन रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन क्रमांक 5 के तहत डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड और भक्त माता कर्मा वार्ड में लगाए जा रहे शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप, जोन 5 जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, वार्ड पार्षद श्रीमती दुर्गा यादराम साहू, श्रीमती ममता सोनू तिवारी, जोन 5 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल, मण्डल अध्यक्ष महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्ड निवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, आमजनों की उपस्थिति में किया। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सुशासन तिहार के शिविरों में मांगें और जन समस्याएं लेकर पहुंच रहे आमजनों से चर्चा कर समस्याओं की जानकारी ली और दिनांक 8 से 11 अप्रैल तक प्रथम चरण में आमजनों से प्राप्त सभी मांगों और जन शिकायतों पर शत-प्रतिशत संख्या में त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्देशित किया गया कि सुशासन तिहार शिविर में आमजनों से प्राप्त सभी आवेदनों में सफाई, पेयजल और सड़क बत्ती से सम्बंधित मूलभूत समस्याओं पर प्राप्त आमजनों की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाये।

प्रथम चरण में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में आमजनों से जनशिकायतें, मांगें और जनसमस्याएं आवेदन लेकर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक दर्ज की जा रही है।

क्षेत्रवासियों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

मंत्री कश्यप ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज शुक्रवार को कोण्डागांव जिले के दूरस्थ गांव बयानार में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को कुल 03 करोड़ 05 लाख 65 हजार रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें प्रमुख रूप से बयानार में 103.99 लाख रुपए के सीएसआर मद अंतर्गत निर्मित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भवन का लोकार्पण और 201.66 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। वन मंत्री श्री कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस भवन के लोकार्पण से स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में जिले में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आज ग्राम बयानार को एक नई सौगात के रूप में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के नए भवन की सुविधा प्राप्त हुई है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के अंतिम छोर पर स्थित इस गांव में चिकित्सा केंद्र भवन के लोकार्पण से आसपास के 21 गांवों के लगभग 15 हजार से अधिक ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। इस नवीन भवन के आरंभ होने से न केवल दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

ICICI Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एक्सचेंज टॉवर, आई अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
स्काई पार्क, शाउड फ्लोर, यूनिट न.1, कैनाल रोड के पास रायपुर - 492001

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं) तथा गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को रु.खड़ा है, जैसा है हैर, रुजो है, जैसा है हैर तथा रजो कुछ भी हैर के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण में बताया गया है। इसके अंतर्गत;

स. क्र.	उधारकर्ता/सह उधारकर्ता/ गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम/ ऋण खाता संख्या।	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य बयाना जमा राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी स्टेज
(A)	(B)	(D)	(C)	(E)	(F)	(G)	(H)	(I)
1.	राजीव रामटेके (उधारकर्ता) साविंत्री रामटेके (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHDRG00001519524/ LHDRG00001519525	खसरा नंबर 116/32, भिखित खसरा नंबर 271/16, 272/20, वी एच नंबर 34, वार्ड नंबर 08, मौजा - मोतीपुर, आरएमसी मोतीपुर, तहसील और जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ .	रु. 1,58, 565/- अप्रैल 07, 2025	रु. 2,35, 170/- रु. 23,517/-	मई 09, 2025 11:00 AM से 03:00 PM	मई 16, 2025 02:00 PM से 03:00 PM	मई 15, 2025 को 05:00 PM से पहले	भौतिक कब्जा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी बैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link-https://BidDeal.in) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ता(ओं)/नोटिस को 15 मई, 2025 को शाम 05.00 बजे से पहले आगे के बाधा के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को 15 मई, 2025 की शाम 04.00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (EMD/RTGS/ Demand Draft DD) (फॉर्मेट E देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को 15 मई, 2025 की शाम 05.00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। बयाना जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी" के पक्ष में होना चाहिए, जो लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय हो।
निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाओं के प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com पर जाएँ।

दिनांक : 12.04.2025
स्थान : राजनांदगांव
अधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106